Graduate, Post Graduate, Computer Studies

INFORMATION FOR PROSPECTIVE APPLICANTS

2012-13




www.gvhmswcollege.org

# G.V. HOME SCIENCE WOMEN COLLEGE

SANGARIA (RAJASTHAN) - 335063

# ग्रामोत्थान विद्यापीठ, संगरिया



ग्रामोत्थान विद्यापीठ प्रबन्ध समिति



कृषि विज्ञान केन्द्र



ग्रा.वि.गृह विज्ञान महिला महाविद्यालय



एस.के.एम. पब्लिक स्कूल



स्वामी केशवानन्द महाविद्यालय




कन्या प्राथमिक विद्यालय



चौ. वीरेन्द्र सिहाग
सचिव

आदरणीय अभिभावक,

स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षा संत स्वामी केशवानन्द महाराज की कर्मस्थली ग्रामोत्थान विद्यापीठ की सार–संभाल का काम समाज ने चौधरी अभयसिंह चौटाला के नेतृत्व में हम लोगों को सौंप रखा है। पिछले सौलह साल से प्रबन्ध समिति आपके बच्चों के शैक्षिक व सर्वांगीण विकास हेतु यथासम्भव प्रयासरत् है। आपका सतत् स्नेह हम लोगों को आगे बढ़ने में सहायक बना हुआ है। हमारे विभागाध्यक्ष तथा कर्मचारी–गण निष्ठापूर्वक छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। किसानों के हितार्थ हमारे कृषि वैज्ञानिक सदैव तत्पर हैं। पूज्य स्वामीजी का आशीर्वाद तथा आपका सहयोग हमें निश्चय ही निरन्तर सफलता की तरफ अग्रसर करता रहेगा।

शुभकामनाओं के साथ......

वीरेन्द्र सिहाग



स. सुखराज सिंह सलवारा
कोषाध्यक्ष

माननीय अभिभावक,

ग्रामोत्थान विद्यापीठ के अध्यक्ष चौधरी अभयसिंह चौटाला के निर्देशन में ग्रामोत्थान विद्यापीठ की विभिन्न इकाईयों में छात्र–छात्राओं के लिए समुचित शैक्षिक तथा शैक्षणेत्तर वातावरण निर्माण करने हेतु वांछित सुविधायें उपलब्ध करवाने का निरन्तर व सतत् प्रयास जारी है। संस्था की विभिन्न ईकाइयों में कार्यरत् हमारे स्टॉफ तथा विभागाध्यक्षगण सामंजस्य तथा सहयोग के वातावरण में संस्था की प्रगति में सहायक बने हुए हैं। हमारे छात्र–छात्राओं ने शिक्षा व शैक्षणेत्तर गतिविधियों में निरन्तर कीर्तिमान स्थापित किये हैं। मैं प्रबन्ध–समिति की तरफ से आपको विश्वास मिलता हूँ कि आपके बच्चों के भविष्य निर्माण हेतु समस्त वांछित सुविधायें उपलब्ध कराने का और अधिक प्रयास रहेगा। गृहविज्ञान महिला महाविद्यालय की गत सौलह वर्षो की श्रेष्ठ उपलब्धियों के कारण यह महाविद्यालय आपके स्नेह का पात्र बना हुआ है। हमारे स्टॉफ व कर्मचारी–गण निष्ठा व लगन से इस श्रेष्ठता को कायम रखेंगे। यह विश्वास में आपको दिला सकता हूँ।

आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ......सादर

– सुखराज सिंह सलवारा



केन्द्रीय कार्यालय



सर छोटूराम स्मारक संग्रहालय



ग्रा.वि.शिक्षा महाविद्यालय



ग्रा.वि. बालिका उ. मा. विद्यालय



ग्रा. वि. उ. मा. विद्यालय (छात्र)



स्वामी केशवानन्द स्मृति चैरीटेबल ट्रस्ट



शिक्षा सन्त स्वामी केशवानन्द जी

बालिका शिक्षा से बढ़ कर कोई सामाजिक कार्य नहीं है।



**चौ. अभय सिंह चौटाला**
**अध्यक्ष**



# PRINCIPAL'S MESSAGE


**डा. के. आर. मोटसरा**
M.A.,M.PHIL, Ph.D., LL.B.
**प्राचार्य**
**जून**, 2012


प्रिय छात्राओं,

एक शताब्दी पूर्ण होने को है। अंग्रेजी दासता के दिनों में, रजवाड़ों के दबाब से हमारे जैसे क्षेत्र अशिक्षा के अंधकार में डूबे हुए थे। इसी दौरान 9 अगस्त सन् 1917 के दिन सीमा प्रहरी वीर सैनिक श्री बहादुरसिंह भोभिया ने शिक्षा का उजाला फैलाने का संकल्प धारण करके पन्नीवाली के ठाकुर गौपालसिंह द्वारा दान में दी गयी भूमि पर मिडिल स्कूल के रूप में एक पौध लगायी। तेजस्वी शिक्षा सन्त स्वामी केशवानंद ने इस पौधे को 1932 में अपना वरदहस्त प्रदान किया तथा 13 सितम्बर 1972 को अपने महानिर्वाण के वक्त तक वे इसे ग्रामोत्थान विद्यापीठ के रूप में विशाल परिसर बना चुके थे। स्वामी जी की कार्यशीलता हमारा आदर्श है।

सन् 1996 में ग्रामोत्थान विद्यापीठ का प्रबन्ध संचालन चौधरी अभयसिंह चौटाला ने सम्भाला। उन्होंने स्वामीजी की संस्था को ओर आगे बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया तथा तीन महत्वपूर्ण इकाईयाँ संचालित हुई :– ग्रामोत्थान विद्यापीठ गृह विज्ञान महिला महाविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र तथा स्वामी केशवानन्द मैमारियल पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम)।

हमारे महाविद्यालय की स्थापना मूल रूप से बी.एससी. गृह विज्ञान के अध्ययन हेतु की गयी थी लेकिन अभिभावकों की मांग के मद्देनजर इसका निरन्तर विस्तार होता गया। आज यह महाविद्यालय स्नातकोत्तर स्तर पर एम.एससी. होम साईस फूड्स एण्ड न्यूट्रिशन (डायटेटिक्स स्पेशलाइजेसन सहित) के साथ–साथ एम.ए. अंग्रेजी साहित्य जैसे उपयोगी विषय चला रहा है। कला–संकाय में स्नातक स्तर पर दस विषय संचालित है। विज्ञान संकाय (नोन मैडिकल, मैडिकल ग्रुप) तथा वाणिज्य एवं बी.सी.ए. जैसे पाठ्यक्रम सुयोग्य स्टॉफ व समुचित ढ़ांचागत व्यवस्था के साथ संचालित हैं।

सौलह वर्ष के अल्प–समय में प्रबंधकों ने हमें एक विशाल व सुविधायुक्त परिसर उपलब्ध करवाया है। प्रबन्ध–समिति के अध्यक्ष, पदाधिकारियों तथा सदस्यगणों का महाविद्यालय परिवार की तरफ से मैं आभारी हूँ। मेरे विद्वान/विदुषी प्रोफेसर साथियों ने अध्ययन–अध्यापन का श्रेष्ठ वातावरण बनाने का प्रयास किया है।

गत पन्द्रह परीक्षाओं में हमने प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम प्राप्त किये हैं। खेल प्रतिस्पर्द्धाओं में प्रतिवर्ष जीते जाने वाले स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक एवं चैम्पियनशिप तथा अंतर वि. वि. स्तर पर भागीदारी से मैं गोरवान्वित हूँ। ये कीर्तिमान छात्राओं तथा शिक्षकों की अथक् मेहनत का परिणाम है। अभिभावकों से हम निरन्तर संवाद रखते हैं तथा उनका हमें पर्याप्त स्नेह मिलता है। छात्राओं की समस्याओं का तत्परता से निवारण हमारी कार्यशैली का आधार है। महाविद्यालय में छात्राओं के सर्वागींण विकास पर बल दिया जाता है। हमें हमारी श्रेष्ठ सामाजिक मान्यताओं एवम् संस्कारों को कायम रखते हुए ही नवयुग की तरफ बढ़ना है।

प्रिय छात्राओं ! मुझे इस बात पर गर्व है कि सौलह वर्ष के इस काल में आप अपने श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम, शेक्षणेत्तर गतिविधियों में अभिरूचि, पारस्परिक सामंजस्य तथा शालीन व्यवहार के कारण अपनी उच्च पहचान बना सकी हैं। मैं महाविद्यालय परिवार की तरफ से छात्राओं तथा अभिभावकों को आश्वस्त करता हूँ कि हमारे प्राध्यापक/प्राध्यापिकाएँ तथा कर्मचारीगण छात्राओं की शैक्षिक तथा शैक्षणेत्तर गतिविधियों में अपनी सम्पूर्ण सामर्थ्य से सहयोग करेंगे।

स्नेहाशीष सहित.....


**K. R. Motsara**
94145-08733
96604-55494

# कार्य संचालन समितियाँ












**प्रो. रवि शर्मा**

प्रभारी, प्रवेश समिति

**प्रो. (श्रीमती) प्रमिला शर्मा**

प्रभारी, विज्ञान संकाय एवम् क्विज प्रतियोगिता आयोजन

**प्रो. डा. तमन्ना सिंह**

प्रभारी, अभिभावक–शिक्षक–छात्रा–परिषद् (पी.टी.एस.ए.)
एवं समारोह आयोजन

**प्रो. (श्रीमती) कान्ता हिसारिया**

प्रभारी, छात्रा कल्याण–परिषद् एवं कला संकाय

**प्रो. (श्रीमती) मनविन्द्र कौर**

प्रभारी, सांस्कृतिक परिषद

**प्रो. सुमन शर्मा**

प्रभारी, रेन्जर

**प्रो. कृति कथूरिया**

प्रभारी, गृहविज्ञान संकाय

**प्रो. अखिलेश सैनी**

प्रभारी, बी.सी.ए.

**प्रो. संगीता बजाज**

प्रभारी, छात्रा निर्देशन ब्यूरो

**प्रो. स्वाति गुप्ता**

प्रभारी, योजना मंच

**श्री प्रवीण जैन**

कार्यालय प्रभारी

**कु. संतोष**

छात्रावास अधिक्षिका

# पाठ्यक्रम

(अ) ''बी.एससी. गृहविज्ञान''

<u>भाग प्रथम</u>

1. अंग्रेजी अथवा हिन्दी अनिवार्य में से एक
2. एलीमेंट्री कम्प्यूटर अनिवार्य
3. पर्यावरण अध्ययन अनिवार्य

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के पाठ्यक्रमानुसार ग्रुप होम सांईस के विषय, सभी अनिवार्य।

<u>भाग द्वितीय :–</u>

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के पाठ्यक्रमानुसार ग्रुप होम सांईस के विषय, सभी अनिवार्य।

<u>भाग तृतीय :–</u>

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के पाठ्यक्रमानुसार ग्रुप होम सांईस के विषय, सभी अनिवार्य।

(ब) कला–संकाय

1. हिन्दी अथवा अंग्रेजी अनिवार्य में से एक
2. ऐलीमेंट्री कम्प्यूटर अनिवार्य
3. पर्यावरण अध्ययन अनिवार्य

(अनिवार्य विषय भाग प्रथम के लिए है।)

<u>कोई तीन ऐच्छिक विषय :–</u>

1. इतिहास
2. ड्राईंग
3. अर्थशास्त्र

(2 और 3: दोनों में से कोई एक।)

4. राजनीति–विज्ञान
5. गृहविज्ञान
6. समाजशास्त्र
7. हिन्दी साहित्य
8. अंग्रेजी साहित्य

(7 और 8: दोनों में से कोई एक।)

9. पंजाबी साहित्य
10. भूगोल





















### (स) विज्ञान संकाय

1. हिन्दी अथवा अंग्रेजी अनिवार्य में से एक
2. ऐलीमेंट्री कम्प्यूटर अनिवार्य
3. पर्यावरण अध्ययन अनिवार्य

(अनिवार्य विषय भाग प्रथम के लिए हैं।)

ऐच्छिक विषय–(मेडिकल व नोन मेडिकल ग्रुप के तीन विषयों का चयन)

प्रथम / द्वितीय / तृतीय भाग

1. रसायन विज्ञान 2. जन्तु विज्ञान 3. वनस्पति विज्ञान
4. भौतिक विज्ञान 5. गणित

### (द) स्नातकोत्तर

1. एम.ए. – अंग्रेजी साहित्य
2. एम.एससी. – गृह विज्ञान, फूड्स एण्ड न्यूट्रिशन (डायटेटिक्स स्पेशलाइजेसन)

### (इ) कम्प्यूटर संकाय

1. बी.सी.ए (नियमानुसार अनिवार्य विषय एवम् कम्प्यूटर के पाठ्यक्रमानुसार विषय)

**(ई) वाणिज्य संकाय** – अनिवार्य विषयों के अलावा वाणिज्य संकाय के विषय

## शैक्षणिक सत्र तथा उपस्थिति :–

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर तथा आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के निर्देशों की अनुपालना की जायेगी। (सूचना संलग्न है।)

## प्रवेश प्रक्रिया :–

बी.एससी. गृह–विज्ञान भाग–प्रथम, कला संकाय भाग प्रथम, विज्ञान संकाय भाग प्रथम, बी.कॉम भाग प्रथम, एम.ए. पूर्वार्द्ध, एम.एससी. पूर्वार्द्ध तथा बी.सी.ए. भाग प्रथम में पात्रता रखने वाली छात्राओं को मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। पांचों संकायों की द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की कक्षा में स्थान रिक्त होने पर महाविद्यालय के बाहर से आने वाली छात्राओं को विश्वविद्यालय व राज्य सरकार के नियमानुसार ही प्रवेश दिया जावेगा।

## प्रवेश हेतु न्यूनतम पात्रता (नवीन प्रवेश) :–

(i) बी.एससी. गृह–विज्ञान भाग–प्रथम हेतु न्यूनतम पात्रता निम्नानुसार होगीः–

* 10+2 गृह–विज्ञान समूह से उत्तीर्ण
* 10+2 विज्ञान–संकाय से द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण (कृषि संकाय सहित)
* 10+2 कला–वर्ग (गृह–विज्ञान ऐच्छिक विषय सहित) 55 प्रतिशत अंकों में उत्तीर्ण

' 10+2 कला–वर्ग प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण (जिनके पास 12वीं में गृहविज्ञान विषय नहीं हो)

(ii) कला–संकाय हेतु पात्रता :– किसी भी संकाय से 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण छात्राएँ। पूरक योग्य घोषित छात्राएँ भी अस्थायी प्रवेश ले सकती है।

(iii) विज्ञान संकाय हेतु प्रात्रता :– विज्ञान संकाय से 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण छात्रायें पूरक योग्य घोषित छात्राएँ भी अस्थायी प्रवेश ले सकती है। कृषि संकाय की छात्रायें भी पात्र हैं।

(iv) स्नातकोत्तर अंग्रेजी साहित्य :– किसी भी संकाय से स्नातक उत्तीर्ण छात्रायें प्रवेश हेतु पात्र हैं।

(v) एम.एससी. फूड्स एण्ड न्यूट्रिशन – बी.एससी., गृहविज्ञान उत्तीर्ण छात्रायें।

(vi) बी.सी.ए. हेतु पात्रता :– किसी भी संकाय से 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण छात्राएँ। महाराणा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा निर्धारित पात्रतानुसार।

(vii) वाणिज्य संकाय – किसी भी संकाय के 10+2 उत्तीर्ण छात्रायें।

## प्रवेश हेतु सामान्य नियम :–

1. प्रवेश चाहने वाली छात्राओं को राज्य सरकार व विश्वविद्यालय द्वारा घोषित की गई अंतिम तिथि से पूर्व आवेदन–पत्र की समस्त रिक्तियां पूर्ण करके प्रमाण–पत्रों तथा वांछित फोटो सहित महाविद्यालय कार्यालय में जमा कराना होगा।
2. पूरा भरा हुआ आवेदन–पत्र स्वयं की तथा पिता/सरंक्षक की फोटो लगाकर निम्न प्रमाण–पत्रों सहित जमा कराना होगा :–
   (अ) अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिका तथा उसकी दो सत्य–प्रतियां।
   (ब) पूर्व–संस्था का मूल स्थानातरण प्रमाण–पत्र (टी.सी.)
   (स) पूर्व–संस्था द्वारा जारी किया गया चरित्र प्रमाण–पत्र।
   (द) सैकेण्डरी परीक्षा के प्रमाण–पत्र की सत्य–प्रति जिसमें जन्म–तिथि अंकित हो।
3. अपूर्ण तथा अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. प्रवेश हेतु पात्र–घोषित छात्राओं की सूची तथा प्रतीक्षा–सूची में आई छात्राओं की सूची महाविद्यालय सूचना पट्ट पर लगा दी जायेगी। वांछित शुल्क निर्धारित तिथि व समय पर जमा न कराने की स्थिति में प्रतीक्षा–सूची में से छात्राओं को क्रमशः प्रवेश दे दिया जायेगा।
5. आवेदन–पत्र में या महाविद्यालय प्रशासन को दिये जाने वाले असत्य विवरण की जिम्मेवारी संबंधित छात्रा की होगी। महाविद्यालय प्रशासन इस प्रकार के प्रकरण सामने आने पर नियमानुसार कार्यवाही करेगा।
6. प्रदेश के बाहर से अर्हकारी योग्यता रखने वाली छात्राओं को प्रवेश के पश्चात् यदि विश्वविद्यालय–प्रशासन द्वारा उनकी योग्यताओं के कारण प्रवेश के अयोग्य ठहराया जाता है तो महाविद्यालय–प्रशासन पर इसका कोई उत्तरदायित्व नहीं माना जायेगा।
7. विश्वविद्यालय द्वारा पुष्टि होने तक सभी प्रवेश अस्थायी माने जायेंगे।
8. छात्राओं को आवेदन पत्र के साथ पिता/सरंक्षक (यदि पिता जीवित न हो) का फोटो लगाना अनिवार्य है।
9. पिता/सरंक्षक की तरफ से की जाने वाली घोषणा एवम् हस्ताक्षर आदि में मिथ्या तथ्य पाये जाने पर छात्रा का महाविद्यालय से प्रवेश रद्द किया जा सकता है।
10. प्राचार्य को उचित कारणों के आधार पर किसी भी छात्रा का आवेदन–पत्र अस्वीकार करने का अधिकार है।
11. प्रत्येक छात्रा को नियमित रूप से सूचना–पट्ट देखना चाहिए। महाविद्यालय द्वारा समस्त सूचनाएं सूचना–पट्ट पर प्रसारित की जाती है। इस प्रकार की

















## परिचय–पत्र :–

प्रत्येक छात्रा को महाविद्यालय का निर्धारित शुल्क जमा कराते ही अहस्ताक्षरित परिचय–पत्र दिया जायेगा। इसकी रिक्तियां भरकर स्वयं का फोटो चिपकाकर प्राचार्य के हस्ताक्षर करवाकर इसे पूर्ण करना होगा। महाविद्यालय–परिसर में छात्रा के पास सदैव परिचय–पत्र रहना चाहिए।

## शुल्क :–

प्रत्येक छात्रा को महाविद्यालय एवम् छात्रावास का निर्धारित शुल्क सूचना–पट्ट पर प्रसारित तिथि व समय पर जमा कराना अनिवार्य है।

## विलम्ब शुल्क :–

महाविद्यालय तथा छात्रावास शुल्क की दूसरी किश्त जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 10 तथा छात्रावास शुल्क की तीसरी किस्त की अंतिम तिथि 10 फरवरी 2011 होगी उक्त तिथियों तक सम्बन्धित किश्त न जमा होने पर महाविद्यालय द्वारा विलम्ब शुल्क लिया जायेगा। महाविद्यालय तथा छात्रावास का पूर्ण शुल्क जमा कराने के पश्चात् ही वि.वि. की परीक्षाओं में शामिल होने की ईजाजत होगी।

## गणवेश (ड्रैस) :–

महाविद्यालय की प्रत्येक छात्रा को निर्धारित गणवेश में ही महाविद्यालय में आना होगा। सप्ताह में बृहस्पतिवार के अतिरिक्त प्रत्येक दिन गणवेश में आना अनिवार्य है।

गणवेश में मेंहदी रंग का प्लेन सूट तथा क्रीम रंग का दुपट्टा होगा। सभी छात्राओं के लिए काले जूते पहनना अनिवार्य है। सर्दियो में काले रंग का स्वेटर या पुलओवर होगा।

गणवेश हेतु नमूना कतरन प्रोस्पेक्ट्स के साथ संलग्न है। छात्राओं को चाहिए कि वे नमूना मिलाकर ही ड्रैस बनवायें ताकि एकरूपता बनी रह सके।

## पुस्तकालय :–

महाविद्यालय में छात्राओं के लिए पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध है। पुस्तकालय–कार्ड पर एक बार में 14 दिन के लिए दो पुस्तकें प्रत्येक छात्रा को दी जायेंगी। निर्धारित समय पर पुस्तकें लौटाना अनिवार्य है। निर्धारित अवधि में पुस्तकें लौटाने में विलम्ब होने पर नियमानुसार जुर्माना वसूल किया जायेगा।

प्रो. संगीता बजाज, प्रभारी छात्रा निर्देशन ब्यूरो

## खेल–कूद :–

महाविद्यालय में छात्राओं के लिए प्रशिक्षित प्रभारी के निर्देशन में खेलों की सुविधा उपलब्ध है। महाविद्यालय की छात्राओं ने गत वर्षों में विश्वविद्यालय व प्रदेश स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय की स्थापना से ही प्रथम पाँच वर्षों में महाविद्यालय स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप जीतता रहा । छात्रायें वॉलीबाल, कबड्डी, खो–खो, क्रिकेट, जूडो में भी चैम्पियनशिप जीत रही हैं। वि. वि. की सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब लगातार पांच बार जीतकर महाविद्यालय ने कीर्तिमान स्थापित किया है। निदेशक सुरजीतसिंह कस्वाँ हैं।



## छात्रा–कल्याण परिषद् :–

महाविद्यालय प्रशासन का लक्ष्य छात्राओं में चहुँमुखी प्रतिभा का विकास करना है। प्रजातांत्रिक, राजनीतिक एवम् प्रशासनिक प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु छात्रा–कल्याण–परिषद् का गठन किया गया है। महाविद्यालय प्रशासन को रचनात्मक सहयोग देना तथा छात्राओं में सृजनात्मक प्रतिभा का विकास करना इसका लक्ष्य है। यह परिषद् प्राचार्य के संरक्षण व निर्देशन में कार्य करती है। छात्रा कल्याण परिषद् का निर्वाचन राज्य सरकार के निर्देशानुसार होगा।





## एन.सी.सी. :–

महाविद्यालय की छात्राओं के लिए स्वामी केशवानन्द महाविद्यालय के माध्यम से एन.सी.सी. में शामिल होने की सुविधा प्राप्तहै। महाविद्यालय की कैडेट्स ने स्वामी केशवानन्द महाविद्यालय के एन.सी.सी. प्रभारी के निर्देशन में शानदार उपलब्धियाँ हासिल की हैं। प्रो. सुखवीर सिंह एनसीसी प्रभारी हैं।



## राष्ट्रीय सेवा योजना :–

महाविद्यालय में समाजोपयोगी कार्यों के प्रति छात्राओं को जागृत करने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन इकाईयां कार्यरत् है।

प्रभारी रासेयो :–प्रो. सरला सुथार, प्रो. कान्ता हिसारिया, प्रो. संगीता बजाज

## रेन्जर :–

महाविद्यालय में रेन्जर की एक इकाई उपलब्ध है।

प्रभारी रेन्जर – श्रीमती सुमन शर्मा













## पुरस्कार तथा छात्रवृत्तियां :—

महाविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रथम तीन छात्राओं को विशिष्ट पुरस्कार तथा ट्राफी प्रदान की जाती है।

1. आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियां

❖ मैरिट कम नीड छात्रवृत्ति ❖ महिला योग्यता छात्रवृत्ति

❖ पूर्व सैनिकों के पुत्र/पुत्रियों को छात्रवृत्ति

2. समाज कल्याण विभाग, राजस्थान द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियां

❖ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को दी जाने वाली छात्रवृत्तियां

❖ पिछड़ी जाति एवं विकलांगो को दी जाने वाली छात्रवृत्तियां

3. अल्पसंख्यक विभाग द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति

4. अन्य छात्रवृत्तियां

❖ स्वामी केशवानन्द स्मृति चेरिटेबल ट्रस्ट, संगरिया द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियां

❖ जिन्दल ट्रस्ट नई दिल्ली द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियां

❖ समाज सुधार मंच, संगरिया द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियां

समय–समय पर महाविद्यालय द्वारा इस सम्बन्ध में सूचनाएँ सूचना पट्ट पर लगायी जाती हैं।

## सामान्य प्रशासनिक निर्देश :—

1. प्राचार्य की पूर्व–अनुमति के बिना छात्राएं महाविद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार का आयोजन नहीं कर सकेंगी।
2. विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय द्वारा समय–समय पर बनाये जाने वाले नियमों तथा निर्देशों का पालन करना छात्राओं के लिए अनिवार्य होगा।
3. छात्राओं से शालीनता तथा नैतिक–आचरण के पालन की अपेक्षा की जाती है। प्राचार्य, प्राध्यापक/ प्राध्यापिकाओं या कर्मचारियों से अभद्र–व्यवहार करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिसके परिणामस्वरूप छात्रा को महाविद्यालय / छात्रावास से निष्कासित भी किया जा सकता है।
4. महाविद्यालय–परिसर को सुन्दर तथा स्वच्छ बनाये रखने में छात्राओं का सहयोग अपेक्षित है।

5. छात्राओं को महाविद्यालय में नियमितता तथा अनुशासन का कड़ाई से पालन करना होगा।

6. महाविद्यालय में अध्ययन–समय में अभिभावकों को छात्राओं से मिलने की अनुमति नहीं होगी। विशेष परिस्थिति में प्राचार्य की पूर्व अनुमति से ही अभिभावक छात्रा से मिल सकेंगे।

7. महाविद्यालय में समय–समय पर आतंरिक परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है जिनमें सभी छात्राओं को सम्मिलित होना अनिवार्य है।

8. महाविद्यालय में निजी–ट्यूशन पूर्णतःवर्जित है। यदि छात्राओं को अतिरिक्त अध्ययन की आवश्यकता होगी तो महाविद्यालय प्रशासन अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था करेगा।

9. महाविद्यालय में अध्यापन कार्य प्रातः 8.00 बजे से प्रारम्भ होगा।

10. महाविद्यालय में प्रयोगशालाओं के सामान एवम् अन्य उपकरणों/सम्पत्ति को सुरक्षित रखना छात्राओं की नैतिक जिम्मेदारी है।

11. महाविद्यालय में मोबाइल फोन व कैमरा आदि लाने की सख्त मनाही है।

## अभिभावक–शिक्षक–छात्रा–परिषद् (पी.टी.एस.ए.)ः–

महाविद्यालय की छात्राओं की शैक्षिक तथा शैक्षणेत्तर समस्याओं के समुचित समाधान के लिए महाविद्यालय का प्रशासन सदैव सज़ग है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर हमने अभिभावक–शिक्षक–छात्रा–परिषद् का गठन किया है। महाविद्यालय में इसकी बैठक अक्टूबर या दिसम्बर माह में आयोजित होगी। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा इसकी तिथि व समय की सूचना पत्र द्वारा अभिभावकों को दी जायेगी। इस बैठक में अभिभावकों की भागीदारी आवश्यक है। इसे एक समारोह के रूप में मनाया जायेगा।

पी.टी.एस.ए. प्रभारी – डॉ. तमन्ना सिंह






















## छात्रावास :—

संगरिया के बाहर से आने वाली छात्राओं के लिए महाविद्यालय परिसर में ही समस्त सुविधायुक्त एवम् सुरक्षित छात्रावास की व्यवस्था है। महाविद्यालय में जिन छात्राओं का प्रवेश हो जायेगा उनको पहले—आओ, पहले—पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।

छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को छात्रावास—अधिक्षिका के निर्देशन एवम् नियंत्रण में रहते हुए छात्रावास सम्बन्धी समस्त नियमों/निर्देशों का कड़ाई से पालन करना होगा।

## महाविद्यालय छात्रावास में रहने वाली छात्राओं के लिए निर्देशः—

1. महाविद्यालय में छात्रा का प्रवेश होने के बाद ही छात्रावास में प्रवेश मिलेगा।
2. छात्राओं को छात्रावास अधिक्षिका के अनुशासनाधीन रहना होगा।
3. छात्रावास—शुल्क एवम् भोजन व्यवस्था आदि का शुल्क महाविद्यालय द्वारा घोषित तिथि व समय पर जमा कराने में असमर्थ रहने पर छात्रा का छात्रावास से प्रवेश रद्द कर दिया जावेगा तथा सम्बन्धित छात्रा के स्थान पर छात्रावास की प्रतीक्षा—सूची में से छात्राओं को क्रमशः प्रवेश दे दिया जावेगा।
4. छात्राओं से अभिभावकों के मिलने के लिए रविवार (प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक) तथा बृहस्पतिवार (सांय 4.00 बजे से 6.00 बजे तक) का समय निश्चित है। इसके अलावा प्राचार्य/छात्रावास—अधिक्षिका की लिखित अनुमति से ही अभिभावकों को मिलने दिया जायेगा।
5. छात्रा के आवेदन—पत्र पर दो नजदीकी परिजनों का फोटो लगाना होगा तथा उनमें से ही अभिभावकगण छात्रा से मिल सकेंगे। पिता/सरंक्षक का फोटो लगाना अनिवार्य है।

योजना मंत्र प्रभारी – प्रो. स्वाति गुप्ता

6. छात्राओं को छात्रावास के समस्त नियमों व भविष्य में बनने वाले नियम–उपनियमों का कड़ाई से पालन करना होगा।

7. छात्राओं को स्टोव आदि रखने की व हीटर आदि के उपयोग की ईजाजत नहीं दी जायेगी। मोबाइल फोन, कैमरा, वॉक मैन, ट्रंजिस्टर या कीमती गहने आदि रखने की छात्राओं को इजाजत नहीं होगी।

8. छात्राओं को उनके उपयोग हेतु छात्रावास में उपलब्ध कराये गये सामान को सुरक्षित रखना होगा।

9. अभिभावकों से यह आग्रह है कि महाविद्यालय में छुट्टियों आदि के समय छात्राओं को घर ले जाने व छोड़ने का काम वे स्वंय करें। छात्राओं को अकेले घर पर जाने की ईजाजत नहीं होगी।

10. विशेष परिस्थिति के अतिरिक्त छात्राओं को स्थानीय–सरंक्षक (यदि कोई हो व छात्रा के आवेदन–पत्र में उसका नाम व फोटो हो) के यहां जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

11. छात्रावास की छात्राओं के लिए छात्रावास की पाक्–शाला में पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की गई है। भोजनआदि के बारे में अथवा व्यवस्था सम्बन्धी किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या परेशानी सामने आये तो छात्राओं को अविलम्ब छात्रावास अधिक्षिका को सूचित करना चाहिए। छात्राएँ सीधे प्राचार्य के सामने भी अपनी बात रख सकती है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा अविलम्ब समुचित समाधान/कार्यवाही की जायेगी।

12. महाविद्यालय परिसर के अन्दर छात्राओं के लिए कैन्टीन तथा उचित मूल्य–दर की आवश्यक वस्तुओं की एक दुकान उपलब्ध है। सामान की गुणवत्ता तथा मूल्य आदि के सम्बन्ध में कोई भी शिकायत हो तो छात्रायें प्राचार्य को सूचित करें।

13. छात्रावास अधिक्षिका द्वारा छात्राओं के दैनिक अध्ययन के लिए न्यूनतम समय निर्धारित किया जायेगा । उस निर्धारित समय के दौरान समस्त छात्राओं को अपने–अपने कक्षों में अध्ययनरत् रहना अनिवार्य है।

14. छात्राओं को चाहिए कि वे जब भी अपने कक्ष को बन्द करके बाहर आयें कक्ष में पंखा, बल्ब, ट्यूब आदि बन्द करके आयें।

15. छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे छात्रावास परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखेंगी। सफाई कर्मचारी की लापरवाही या अन्य किसी कर्मचारी द्वारा अपने कार्य–निष्पादन में गैर–जिम्मेदारी का आचरण करने पर मामले को तुरन्त प्राचार्य के समक्ष रखें।












DANCE COMPETITION
2011
DON'T
DON'T SAY



DANCE COMPETITION

STEL DAY



INTER COLLEGE DUET
DANCE COMPET






DON'T SAY अलविदा





INTER COLLEGE DUET&GROUP

DANCE COMPETITION

INTER COLLEGE DUET&GROUP
DANCE COMPETITION











## G.V. HOME SCIENCE WOMEN COLLEGE

SANGARIA (RAJASTHAN) - 335063

Tel : 01499-251415 (C) 250884 (R)
Cell : 94145-08733, 96604-55494
e-mail : gvhswc@yahoo.co.in
www.gvhmswcollege.org


Jain Offset, Sangaria 222684, 9214495684